Victers class work sheet
Xth Hindi, 16/08/2021
टूटा पहिया

1,टूटा पहिया क्यों कहते हैं कि मुझे फेंको मत ?
उत्तर: क्योंकि समय आने पर टूटा पहिया जैसी बेकार चीज़ों अबे जोगी बन जाती है।

2,टूटा पहिया हमसे क्या कहता है ?
उत्तर: यहाँ टूटा पहिया स्वयं कहता है कि यद्यपि वह रथ टूटा हुआ पहिया है, पर उसे बेकार समझकर मत फेंको। क्योंकि एक दिन वह न्याय के पक्ष में खड़े रहनेवाले को आश्रय या सहारा बन जाएगा। महाभारत युद्ध में टूटा पहिया अभिमन्यु का काम आया था। उसी तरह आगे भी अभिमन्यु जैसा कोई वीर, कोई न्याय या सत्य के पक्ष में रहनेवाला कोई व्यक्ति संकट में पड़ जाय, तो उसकी भी सहायता टूटा पहिया करना चाहता है।

3, टूटा पहिया किसका प्रतीक है ?
उत्तर: टूटे पहिए को उपेक्षित लघु मानव के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है।

4, महारथी किसके पक्ष में थे ?
उत्तर: महारथी असत्य के पक्ष में थे।

5, सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया ?
उत्तर: सारे महारथीयों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए ब्रह्मास्त्रों का प्रयोग किया।

6, कविता के आधार पर किसके पक्ष असत्य का है ?
(क) अकेली निहत्थि आवाज़ का
(ख) बड़े-बड़े महारथी का
उत्तर: बडे-बडे महारथी का

7, अकेली निहत्थि आवाज़ का प्रतीकात्मक अर्थ किसकी ओर सूचित हैं ?
(क) शोषकों की ओर
(ख) शोषितों की ओर
उत्तर: शोषितों की ओर

8, अकेली निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल देने वाला कौन है ?
(क) शोषक
(ख) शोषित
उत्तर:शोषक

9, टूटा पहिया किसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है ?
(क) शोषक के
(ख) शोषित के
उत्तर:शोषित के

10, दुरूह चक्रव्यू - इसमें विशेषण शब्द कौन सा है ?
(क) चक्रव्यू
(ख) दुरूह
उत्तर:दुरूह

11, लोहा लेना - का मतलब क्या है ?
(क) सामना करना
(ख) पीछे जाना
उत्तर: सामना करना।

12, प्रतीक।	किस का प्रतिनिधित्व करता
अभिमन्यु	धर्म के पक्ष में खड़े रहने वाले
टूटा पहिया।	लघु मानव
महारथी।	अधर्मी, असत्यी ओर शोषक
चक्रव्यूह।	समस्याएं
अक्षौहिणी सेना।	महाशक्ति
ब्रह्मास्त्र	महाशक्ति

13, इतिहासों की सामूहिक गति - इसका मतलब क्या है ?
उत्तर:इतिहास की गति सामूहिक है ।

14, किसकी गति असत्य की ओर जाने की संभावना है?
उत्तर:इतिहासों की सामूहिक गति।

15, 'इतिहास की सामूहिक गति कभी कभी झूठी पड़ने लगती है। ' इसका मतलब क्या है ?
उत्तर: कभी-कभी कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर अन्याय करता है, अधर्म करता है ।

16, सच्चाई को किस का आश्रय लेना पड़ता है ?
उत्तर:टूटे पहिए का।

17, टूटा पहिया कविता पर टिप्पणी लिखें।
उत्तर:धर्मवीर भारती हिंदी के महान कवि हैं। टूटा पहिया
महाभारत के एक प्रसंग पर लिखी कविता है । कौरव पक्ष के महारथी जानते थे कि अपना पक्ष असत्य का है। फिर भी उन्होंने चक्रव्यूह में फँसे अभिमन्यु की निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल डालना चाहा। तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार मैं किसी निरायुध के हाथ में आकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

इतिहास की सामूहिक गति जब असत्य और अधर्म के मार्ग पर चलने लगती है, तब सत्य और धर्म की स्थापना के लिए सच्चाई को टूटे पहिए का आश्रय लेना पड़ेगा । यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार शोषकों के अत्याचार के विरुद्ध लड़नेवाले को टूटा पहिया यानी लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा।
यह वर्तमान परिवेश में लिखी कविता है। प्रस्तुत
कविता में अनेक प्रतीक भी हैं।

HW

18, इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !